संख्या- 127 /2019/ 1016 /चार-2018 -07(वि)/2016 टी0सी0

प्रेषक,

शिशिर,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ

सस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 09 सितम्बर, 2019

विषय- वेतन समिति उ0प्र0 2008 की संस्तुतियों के आधार पर लिये गये निर्णयानुसार भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में कार्यरत लिपिक संवर्ग का पुनर्गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर वित्त वेतन आयोग अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-109/दस-54(एम)/2008 टीसी दिनांक 27 फरवरी, 2013 के माध्यम से वेतन समिति उ0प्र0 (2008) के चौदहवें प्रतिवेदन के माध्यम से स्वशासी संस्थाओं की पदवार एवं सामान्य कोटि के संवर्ग /पदों के संबंध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी/ज्येष्ठ लिपिक/लिपिक/कनिष्ठ लिपिक की वेतन विसंगति का निराकरण करते हुए निम्नांनुसार उच्चीकृत ग्रेड वेतन निर्धारित किये जाने एवं लिपिक संवर्ग के पुनर्गठन की तत्काल प्रभाव से श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

क्र0 स0	**वर्तमान व्यवस्था**			**शासनादेश दिनांक 27 फरवरी, 2013 के अनुसार पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित व्यवस्था**		
	पदनाम/पदों की संख्या	वेतनमान/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया	पदनाम/पदों की संख्या	वेतनमान/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया
1	2	3	4	5	6	7
1	**प्रशासनिक अधिकारी 01 पद**	9300-34800 ग्रेड पे-4200	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री, किसी शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में लेखा सम्बन्धी अथवा प्रशासनिक कार्यो का पॉच वर्ष का अनुभव। **वरीयता** 1- संगीत/नाटक/शैक्षिक संस्था में प्रशासनिक कार्यो का 10 वर्ष का अनुभव। वाणिज्य अथवा अर्थशास्त्र में स्नातक। 2- नाटक संबंधी आयोजन का पॉच वर्ष का अनुभव।	**प्रशासनिक अधिकारी 01 पद**	9300-34800 ग्रेड पे-4600	शत-प्रतिशत पदोन्नति द्वारा पॉच वर्ष की सेवा वाले वरिष्ठ सहायक के पदों से

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2				प्रधान सहायक **01 पद**	9300-34800 ग्रेड पे-4200	शत-प्रतिशत पदोन्नति द्वारा पॉच वर्ष की सेवा वाले वरिष्ठ सहायक के पदों से
3	**ज्येष्ठ लिपिक 01 पद**	5200-20200 ग्रेड पे-2400	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, शासकीय/अर्द्ध0शासकीय संस्था में पॉच वर्ष की लिपिकीय कार्यो का अनुभव हिन्दी टंकण का ज्ञान 30 शब्द प्रति मिनट **<u>वरीयता</u>** वाणिज्य स्नातक एवं लेखा कार्यो का अनुभव	**वरिष्ठ सहायक 01 पद**	5200-20200 ग्रेड पे-2800	शत-प्रतिशत पदोन्नति द्वारा पॉच वर्ष की सेवा वाले कनिष्ठ लिपिक के पदों से
4	**लिपिक/ कनिष्ठ लिपिक 04 पद**	5200-20200 ग्रेड पे-1900	1- इण्टरमीडिएट 2- हिन्दी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट की गति। **<u>वरीयता</u>** मान्यता प्राप्त संस्था में कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव ।	**कनिष्ठ सहायक 03 पद**	5200-20200 ग्रेड पे-2000	80 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा। अर्हता इण्टरमीडिएट के साथ-साथ कम्प्यूटर संचालन का डोयक (डोएक) सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र तथा हिन्दी/ अंग्रेजी में कम से कम क्रमश: 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति। 15 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी के ऐसे कार्मिकों से पदोन्नति द्वारा जो हाईस्कूल हो तथा टंकण ज्ञान रखते हो। 05 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी के ऐसे कार्मिकों से पदोन्नति द्वारा जो इण्टरमीडिएट हो तथा टंकण ज्ञान रखते हो।

2- भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में प्रशासनिक अधिकारी/ज्येष्ठ लिपिक/लिपिक/कनिष्ठ लिपिक संवर्ग के उपरोक्त पद विधिवत /नियमानुसार सृजित किये गये हो तथा इन पदों पर कार्यरत पदधारकों की नियमानुसार/नियमित नियुक्ति की गयी हो। पदों की संख्या के संबंध में अकादमी अपने स्तर से पुष्टि करते हुये स्वयं आश्वस्त हो लेगें और तद्नुसार उत्तरदायी भी रहेंगे।

3- उच्चीकृत /संशोधित ग्रेड वेतन में वेतन निर्धारण वेतन आयोग अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-109/दस-54(एम)/2008 टीसी दिनांक 27 फरवरी, 2013 में की गयी व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- संबंधित सेवानियमावली में उपर्युक्तानुसार यथा अपेक्षित संशोधन कर लिया जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7- 485 /दस-2019 दिनांक 14 जून, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
शिशिर
विशेष सचिव।

संख्या- 127 /2019/1016 /चार-2018 -07(वि)/2016 टी0सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 (02प्रतियों में)
6- निदेशक अधिष्ठान पुनरीक्षित ब्यूरों , वित्त विभाग, सचिवालय।
7- निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,
(शिशिर)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।